उत्तराखण्ड शासन
शिक्षा अनुभाग–01(बेसिक)
संख्याः– / /XXIV-A-1/2021-15/2011 Vol-I
देहरादूनः दिनांक :28 जून, 2021

कार्यालय ज्ञाप

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) के पत्र संख्या–NCTE-Reg1011/78/2020-US (Regulation )-HQ/99954-99992 दिनांक 09.06.2021 के माध्यम से NCTE की 50 वीं आम सभा में लिए गये निर्णय एवं शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं0–21–3/2021–IS.1 दिनांक 07.06.2021 द्वारा प्रदत्त सहमति के क्रम में अध्यापक पात्रता परीक्षा (T.E.T) के संचालन के सम्बन्ध में NCTE के पत्र संख्या–76–4/2010/NCTE/Acad. दिनांक 11.02.2011 द्वारा निर्गत गाइडलाईन्स के प्रस्तर–11 को संशोधित करते हुए अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रमाण–पत्र की वैधता अवधि 07 वर्ष से बढ़ाकर आजीवन की गयी है।

2– उक्त के क्रम में उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET I & II) को सम्पादित कराये जाने हेतु निर्गत शासनादेश संख्या–163/XXIV(1)/2016-15/2011 दिनांक 04 मार्च 2016 के प्रस्तर–4 के बिन्दु संख्या (6) को संशोधित करते हुए उक्त परीक्षा के प्रमाण पत्र की वैधता अवधि 07 वर्ष से बढ़ाकर आजीवन किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3– उक्त वैधता अवधि पूर्वगामी प्रभाव दिनांक 11.02.2011 से लागू मानी जायेगी तथा इस सम्बन्ध में उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर द्वारा, उन अभ्यर्थियों के टी0ई0टी0 प्रमाण पत्रों के पुनः सत्यापन/नवीन प्रमाण पत्रों को निर्गत किये जाने की कार्यवाही सम्पादित की जायगी, जिनके प्रमाण पत्रों की वैधता अवधि वर्तमान में 07 वर्ष पूर्ण हो चुकी है।

(आर. मीनाक्षी सुन्दरम्)
सचिव।

संख्याः–889 /XXIV-A-1/2021-2021-15/2011 Vol-I तद्दिनांकित
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. सभापति(उ0वि0शि0प0)/निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. सचिव/नोडल अधिकारी, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर, नैनीताल।
5. अपर निदेशक, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा, पौड़ी/नैनीताल।
6. समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी/जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा, उत्तराखण्ड (द्वारा निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, उत्तराखण्ड)।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आर0 मीनाक्षी सुन्दरम्)
सचिव।

REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA

Scanned with OKEN Scanner